अग्रवाल कॉलेज में कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन

दिनाँक 17 दिसंबर को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ मे नागरिक (सिविल) अस्पताल बल्लबगढ़ की सहभागिता से कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के मार्ग दर्शन में आयोजित इस शिविर में कॉलेज के स्टाफ व विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। श्री टी सी गिडवाल, सीनियर मेडिकल ऑफिसर, सिविल अस्पताल बल्लबगढ़ के नेतृत्व मे चार सहायक सदस्यों की टीम ने शिविर में टीकाकरण किया। इस शिविर की खास बात यह रही कि कैंप में पहली तथा दूसरी, दोनों ही डोज का टीकाकरण किया गया। कॉविड के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन के संक्रमण के मद्देनजर इस तरह के कैंप का आयोजन बहुत ही महत्वपूर्ण है। शिविर में दोनों ही प्रकार के टीके कोवैक्सीन और कोविशील्ड का प्रबंध किया गया ताकि समय रहते महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ के साथ साथ सभी विद्यार्थिओं का भी कोविड रोधी टीकाकरण सुनिश्चित किया जा सके। इस शिविर के संयोजक डा जयपाल सिंह, यूथ रेडक्रॉस कोर्डिनेटर ने कैंप के सुचारू रूप से संचालन के लिए वॉलंटियर्स दीपक, एकता, अंजली, सिमरन, सपना, उमा, केशव व प्रिंस को कर्तव्यभार सौंपा। इस शिविर के संचालन में डॉ. रामचंद्र लाइब्रेरियन, सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड काउंसलर डॉ. देवेंद्र तथा सुभाष कैलोरिया की भी अग्रणी भूमिका रही। महाविद्यालय के टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टॉफ तथा विद्यार्थिओं को मिलाकर कुल 215 का टीकाकरण किया गया। इस टीकाकरण शिविर के सफलतापूर्वक आयोजन पर प्राचार्य डा कृष्णकांत गुप्ता ने महाविद्यालय की कैंप संचालक टीम तथा नागरिक (सिविल) अस्पताल बल्लबगढ़ की टीम का तहेदिल से धन्यवाद किया।

Reference
Covishield
RED RIBBO
मुफ्त
Samsung Quad Camera
Shot with my Galaxy M31

GARWAL COLLEGE BALLABGARH
RED RIBBON CLUB
Covishield
VACCINATION CAMP
मुफ्त
Samsung Quad Camera
Shot with my Galaxy M31

Aggarwal College Ballabgarh
मुफ्त
VACCINATION CAMP
17-12-2021
UNIT I, II
Samsung Quad Camera
Shot with my Galaxy M31

Aggarwal College Ballabgarh
मुफ्त
VACCINATION CAMP
17-12-2021
Covishield
vaccine